CIN: L15421MP2011PLC027287
GSTIN: 23AAGCP3350D1ZW

# PSPL Parvati Sweetners And Power Limited

Registered Office: Hall No. 2. Shopping Complex, Gomantika Parisar, Jawahar Chowk, Bhopal- 462003 (MP), Ph. No. 0755 – 4009254, Email: info@parvatisweetners.com

**PSPL/SE/PC/2020-21**

**12th February, 2021**

Online filing at www.listing.bseindia.com

To,
The General Manager
DCS-CRD
BSE Ltd.
Rotunda Building
P.J. Tower, Dalal Street, Fort
Mumbai – 400001

**Scrip Code: 541347** **Symbol: PARVATI** **ISIN: INE295Z01015**

**SUB: SUBMISSION OF PRESS CLIPPING RELATED TO EXTRACT OF STANDALONE UN-AUDITED QUARTERLY/NINE MONTHLY FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER/NINE MONTH ENDED ON 31ST DECEMBER, 2020.**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 read with Schedule III Part A(A)and in compliance of Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR) Regulations, 2015 regarding extract of Standalone Un-Audited Quarterly/Nine Monthly Financial Results for the quarter/nine months ended 31st December, 2020 was approved in 05/2020-21 Meeting of Board of Directors held on Wednesday, 10th February, 2021 at 3.30 P.M. at the Registered Office of the Company Situated at Hall No. 2. Shopping Complex, Gomantika Parisar, Jawahar Chowk, Bhopal- 462003 (MP).

We herewith enclosed the newspaper advertisement published on 12.02.2021 in Business Standard English edition and Business Standard Hindi edition.

You are requested to kindly take the same on record for your further needful.

Thanking You,
Yours Faithfully,
**For, Parvati Sweetners And Power Limited**

Kuldeep Mudgal
Digitally signed by Kuldeep Mudgal
Date: 2021.02.12 16:14:52 +05'30'

**KULDEEP MUDGAL**
**DIRECTOR**
**DIN NO.:08608624**


For Parvati Sweetners and Power Ltd.
Kuldeep Mudgal
Digitally signed by Kuldeep Mudgal
Date: 2021.02.12 16:15:30 +05'30'
Director/Authorised Signatory

***Encl. – a/a***

For Parvati Sweetners and Power Ltd.
Director/Authorised Signatory

## INDUSIND BANK LIMITED

FRR Dept, 11th Floor, Tower 1, One Indiabulls Centre, 841, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Mumbai 400013

**PUBLIC NOTICE**

**(under Rule 3 (1) of Security Interest (Enforcement) Rules, 2002)**

**SUBSTITUTED SERVICE OF NOTICE U/s.13 (2) of SECURITISATION AND RECONSTRUCTION OF FINANCIAL ASSETS AND ENFORCEMENT OF SECURITY INTEREST ACT, 2002.**

Notice is hereby given to the borrowers as mentioned below that since they have defaulted in repayment of the Credit facility availed by them from IndusInd Bank Limited (IBL), their loan accounts have been classified as **Non-Performing Assets on 08-July-2020** in the books of the Bank as per RBI guidelines thereto. Thereafter, Bank has issued **demand notices on 02-02-2021** under section 13(2) of the Securitization and Reconstruction of Financial Assetsand Enforcement of Security Interest Act, 2002 (SARFAESI Act) on the last known addresses of the said borrowers thereby calling upon and demanding from them to repay the entire outstanding amount of **Rs. 28,62,118.24 (Rupees Twenty Eight Lakhs Sixty Two Thousand One Hundred Eighteen and Paise Twenty Four Only) as on 31-Jan-2021** together with further interest at the contractual rate on the aforesaid amount and incidental expenses, cost, charges etc. as stated in the said demand notices. However, the borrowers have refused to accept the said demand notices and therefore the service is being done by us by way of this publication as per Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 (SARFAESI Rules):

**1.Names and address of borrowers :**

**M/s Shree Narayan Traders (Borrower)**
G-14, Ground Floor, 38/2, Shyam Apartment, Malharganj, Indore, Madhya Pradesh-452002
**Arun Tayal(Guarantor/Proprietor)**
G-14, Ground Floor, 38/2, Shyam Apartment, Malharganj, Indore, Madhya Pradesh-452002
**Hitesh Kumar Tayal (Guarantor/Mortgagor)**
G-14, Ground Floor, 38/2, Shyam Apartment, Malharganj, Indore, Madhya Pradesh-452002
**AnnuTayal (Guarantor/Mortgagor)**
G-14, Ground Floor, 38/2, Shyam Apartment, Malharganj, Indore, Madhya Pradesh-452002

**Description of secured asset**

Primary: Hypothecation of the entire current assets of the Borrower comprising, inter alia, of stocks of raw material, work in progress, finished goods, receivables, book debts and other current assets.

**Collateral :**

**Property No. 1 :** G-14, Ground Floor, Shyam Apartments, situated at PlotNo. 32, Street No. (New No. 32, Street No. 2), Malhaganj, Indore (M.P) having Super Built up area 150 Square Feet and **bounded as Follows: East:** House of Soni, **West:** Passage, **North:** Lift, **South:** Flat No.13

**Property No. 2 :** Plot No. 1229 "Gomtesh City situated at Arihant Nagar Ext. Village JambudiHapsi, Tehsil and District Indore (M.P) land admeasuring 1000 Square Feet and construction thereon existing and future and **bounded as follows: East:** Plot No. 1223, **West:** Road, **North:** Plot No. 1230, **South:** Plot No. 1228.

We hereby call upon the borrower stated herein to pay us within 60 days from the date of this notice, the outstanding amount of **Rs. 28,62,118.24 (Rupees Twenty Eight Lakhs Sixty Two Thousand One Hundred Eighteen and Paise Twenty Four Only)** together with further interest thereon plus cost, charges, expenses, etc. thereto failing which we shall be at liberty to enforce the security interest including but not limited to taking possession of and selling the secured asset entirely at your risk as to the cost and consequences.

Please note that as per section 13(13) of the SARFAESI Act, all of you are prohibited from transferring by way of sale, lease or otherwise, the aforesaid secured assets without prior written consent of the Bank. Any contravention of the said section by you shall invoke the penal provisions as laid down under section 29 of the SARFAESI Act and / or any other legal provision in this regard.

Please note that as per sub-section (8) of section 13 of the Act, if the dues of IBL together with all costs, charges and expenses incurred by IBL are tendered to IBL at any time before the date fixed for sale or transfer, the secured asset shall not be sold or transferred by IBL, and no further step shall be taken by IBL for transfer or sale of that secured asset.

**Dated : 12.02.2021** — **Sd/- Authorised Officer**
**Place : Mumbai** — **For For IndusInd Bank limited**

## PARVATI SWEETNERS AND POWER LIMITED

PSPL

CIN : L15421MP2011PLC027287
GSTIN: 23AAGCP3350D1ZW
**Reg. Off.:** Hall No. 2. Shopping Complex, Gomantika Parisar, Jawahar Chowk, Bhopal- 462003 (MP)
**Website:** www.parvatisweetners.co.in, **Email:** info@parvatisweetners.com, **Tel.:** 0755-4009254

**Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter/Nine Months ended on 31st December, 2020**

(₹ in Lakhs) (Except EPS)

| | PARTICULARS | Quarter ending 31st December, 2020 | Year to date Figures for current period ended 31st December, 2020 | Corresponding 3 months ended 31st December, 2019 |
|---|---|---|---|---|
| | | Un-audited | Un-audited | Un-audited |
| 1. | Total income from operations (net) | 1068.07 | 3501.18 | 821.68 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 84.93 | (162.21) | 18.18 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 84.93 | (162.21) | 18.18 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 87.10 | (153.96) | 14.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period | 87.10 | (153.96) | 14.19 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 5 each) | 3542.70 | 3542.70 | 3542.70 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance sheet of previous year) | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | |
| | 1. Basic: | 0.12 | (0.22) | 0.02 |
| | 2. Diluted: | 0.12 | (0.22) | 0.02 |

**Note:** The above is an extract of the detailed Format of Quarterly/Nine monthly Financial Results for the quarter/nine months ended 31st December, 2020 filed with Stock Exchange under Reg. 33 of SEBI (LODR) Regulations 2015. The Full Format of Quarterly Financial Results are available on the BSE website (www.bseindia.com) and on the Company's website (www.parvatisweetners.co.in).

**On and behalf of Board**
**Sd/-**
**POONAM CHOUKSEY**
**(Managing Director)**
**DIN: 02110270**

**Place: Bhopal**
**Date: 10.02.2021**

## Reliance Asset Reconstruction Co. Ltd.

RELIANCE Asset Reconstruction

Reliance Centre, 6th floor, North Wing, Off Western Express Highway, Santacruz East, Mumbai - 400 055

**POSSESSION NOTICE [See rule 8(1)]**
**(For immovable property)**

Whereas, Reliance Asset Reconstruction Company Ltd. [RARC 059(RHDFC HL) TRUST] has acquired the financial assets from Religare Housing Development Finance Corporation Limited vide Assignment Agreement dated 29.03.2019. The Authorised Officer of Reliance Asset Reconstruction Company Ltd [RARC 059 (RHDFC HL) TRUST] under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under section 13(2) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued demand notice dated 16.09.2020 calling upon **(1) PRADEEP GUPTA S/O LILADHAR GUPTA, (2) INDRA GUPTA W/O PRADEEP GUPTA,** BOTH R/o HOUSE NO. 272, RUKMANI NAGAR INDORE, CHHOTA BANGARDA INDORE, BEHIND PALAR NAGAR WATER TANK, INDORE, MADHYA PRADESH-452006, ("The Borrower") & (The Co-Borrower) to repay the outstanding amount mentioned in the notice aggregating to **Rs. 10,19,485.64/- (Rupees Ten Lakh Nineteen Thousand Four Hundred Eighty Five Paise Sixty Four Only)** within sixty (60) days from the date of the said notice.

AND borrower/guarantors/mortgagors having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower/ guarantors/ mortgagors and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under section 13(4) said Act, read with Rule 8 of the said Rules on this **09th day of February of the year 2021.**

The borrower/guarantors/mortgagors in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the Reliance Asset Reconstruction Company Ltd. for an amount of **Rs. 10,19,485.64/- (Rupees Ten Lakh Nineteen Thousand Four Hundred Eighty Five Paise Sixty Four Only)** and interest, other charges thereon 07.02.2018.

The borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, If the borrower clears the dues of the "RARC" together with all costs, charges and expenses incurred, at any time before the date fixed for sale or transfer, the secured assets shall not be sold or transferred by "RARC" and no further step shall be taken by "RARC" for transfer or sale of the secured assets.

**DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTY**

**ALL PIECE AND PARCEL OF HOUSE NO. 272, RUKMANI NAGAR INDORE, CHHOTA BANGARDA INDORE, BEHIND PALAR NAGAR WATER TANK, INDORE, MADHYA PRADESH - 452006 (ADMEASURING ABOUT 800 SQ. FTS.). BOUNDED BY:- EAST:- COLONY ROAD, WEST:-PLOT NO. 285, NORTH:-NORTH PLOT NO.272, SOUTH:-OPEN LAND.**

**Date: 09.02.2021** — **Sd/-**
**Place: Indore** — **Authorised Officer**




Business Standard
Insight Out


To book your copy, call **022 4027 5432** or SMS **reachbs** to **57575** or email us at **order@bsmail.in**

bsindia bsindia www.business-standard.com

## खबरों में रहे स्टॉक




### कोल इंडिया




तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 21 फीसदी घटा

₹ 138.3 पिछला बंद भाव
₹ 137.0 आज का बंद भाव
▼ 0.9 %


### हुडको




तीसरी तिमाही में समेकित मुनाफा 90 फीसदी बढ़ा

₹ 43.6 पिछला बंद भाव
₹ 46.6 आज का बंद भाव
▲ 7.0 %


### बाटा इंडिया




तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 78 फीसदी घटा

₹ 1,569.5 पिछला बंद भाव
₹ 1,531.5 आज का बंद भाव
▼ 2.4 %


### जेबी केमिकल्स ऐंड फार्मा




तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक बढ़ा

₹ 1,078.4 पिछला बंद भाव
₹ 1,195.5 आज का बंद भाव
▲ 10.9 %

### गुजरात स्टेट पेट्रोनेट




तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48 फीसदी बढ़ा

₹ 226.6 पिछला बंद भाव
₹ 233.1 आज का बंद भाव
▲ 2.8 %

## संक्षेप में

### एमआरएफ का शुद्ध लाभ हुआ दोगुना

टायर विनिर्माता एमआरएफ का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक बढ़कर 520.54 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 241.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। इस दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व करीब 14 फीसदी बढ़कर 4,641.6 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 4,075.75 करोड़ रुपये रहा था। बीएसई पर गुरुवार को कंपनी का शेयर 7.14 फीसदी गिरावट के साथ 90,076.80 रुपये पर बंद हुआ। एमआरएफ के निदेशक मंडल ने एनसीडी के जरिये 1,000 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी है। *बीएस*

### टीवीएस श्रीचक्र का लाभ 124 फीसदी बढ़ा

टीवीएस समूह की टायर विनिर्माता टीवीएस श्रीचक्र का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 124 फीसदी बढ़कर 46.32 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 20.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व करीब 11.20 फीसदी बढ़कर 553.31 करोड़ रुपये हो गया। *बीएस*

# आर्सेलरमित्तल की कमान आदित्य को

## कंपनी के सीईओ के तौर पर पिता लक्ष्मी मित्तल की जिम्मेदारी संभालेंगे आदित्य मित्तल

ईशिता आयान दत्त
मुंबई, 11 फरवरी

आदित्य मित्तल आर्सेलरमित्तल के मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) के रूप में अपने पिता लक्ष्मी मित्तल का स्थान संभालेंगे। इस इस्पात विनिर्माता कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 45 वर्षीय आदित्य मित्तल आर्सेलरमित्तल यूरोप के अध्यक्ष, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) और मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) थे।

वर्ष 1976 में कंपनी की स्थापना करने वाले उनके पिता लक्ष्मी मित्तल, जो कंपनी के चेयरमैन और सीईओ थे, अब कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन हैं। हालांकि 70 वर्षीय लक्ष्मी मित्तल निदेशक मंडल का नेतृत्व करते रहेंगे तथा सीईओ और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे, जबकि आदित्य मित्तल कंपनी का दिन-प्रतिदिन का कार्य करेंगे।

लक्ष्मी मित्तल ने कहा कि कुछ प्रमुख रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने के बाद यह कार्यकारी चेयरमैन के रूप में जाने के लिए सही क्षण जैसा लगता है और बोर्ड इस बात पर सर्वसम्मति से सहमत है कि आदित्य मित्तल कंपनी के मुख्य कार्यकारी होने के लिए स्वाभाविक और सही विकल्प हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1997 में उनके कंपनी में शामिल होने के बाद से हमने साथ मिलकर काम किया है, वास्तव में हाल के वर्षों में हम प्रभावी रूप से एक साथ कंपनी का प्रबंधन करते आ रहे हैं। आदित्य मित्तल को जानने वालों का कहना है कि वह कुछ समय से कंपनी के अधिग्रहणों का नेतृत्व करते रहे हैं, वर्ष 2006 में उन्होंने आर्सेलर के लिए मित्तल स्टील की पेशकश शुरू की थी और इसका नेतृत्व किया था जिससे दुनिया की पहली 10 करोड़ टन से ज्यादा क्षमता वाली इस्पात कंपनी बनी।



- निदेशक मंडल का नेतृत्व करते रहेंगे लक्ष्मी मित्तल तथा सीईओ और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर करेंगे काम
- आदित्य मित्तल संभालेंगे कंपनी का दिन-प्रतिदिन का काम-काज
- कुछ समय से कंपनी के अधिग्रहणों का नेतृत्व करते रहे हैं आदित्य मित्तल

वर्ष 2019 में दिवालिया कानून के अंतर्गत निप्पॉन स्टील के साथ संयुक्त रूप से एस्सार स्टील के अधिग्रहण से आर्सेलरमित्तल का भारत में इस्पात विनिर्माण में प्रमुख रूप से प्रवेश हुआ था। इस अधिग्रहण का नेतृत्व मुख्य रूप से उन्होंने ही किया था। यह मित्तल ही थे जिन्होंने कर्मठता के साथ नेतृत्व किया और अब आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) के अध्यक्ष हैं।

आर्सेलरमित्तल ने चौथी तिमाही के दौरान उम्मीद से बेहतर परिणाम दर्ज किया है और एबिटा 1.7 अरब डॉलर से अधिक रही, जो पिछले वर्ष की चौथी तिमाही से लगभग दोगुनी है।

हालांकि बाजार के चुनौतीपूर्ण हालात में वर्ष 2020 के दौरान इस्पात की खेपों में 18.2 प्रतिशत तक की गिरावट नजर आई और 0.7 अरब डॉलर की शुद्ध हानि हुई। कंपनी ने 12.3 अरब डॉलर के सकल ऋण और 6.4 अरब डॉलर के शुद्ध ऋण के साथ वर्ष 2020 का समापन किया, जो आर्सेलर के साथ वर्ष 2006 के विलय के बाद का सबसे निचला स्तर है।

# एमसीएफ में माल्या की हिस्सेदारी बेची बैंकों ने

देव चटर्जी
मुंबई, 11 फरवरी

यूबी समूह के प्रमुख से बकाया वसूली के प्रयासों के तहत भारतीय ऋणदाताओं ने मंगलोर केमिकल्स ऐंड फर्टिलाइजर्स (एमसीएफ) में विजय माल्या द्वारा नियंत्रित 12 प्रतिशत की संपूर्ण हिस्सेदारी बेच दी है। इन शेयरों को शेयर बाजारों में बेच दिया गया था और इस आय का उपयोग बैंक बकायों को चुकता करने में किया जाएगा।

एमसीएफ का मौजूदा प्रवर्तक - एडवेंट्ज समूह कंपनी में लगातार अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है। गुरुवार को एमसीएफ का शेयर 10 फीसदी बढ़कर 68 रुपये पर बंद हुआ।

एमसीएफ से माल्या के पूरी तरह बाहर होने से यूबी समूह और एमसीएफ के बीच दशकों का लंबा संबंध खत्म हो जाएगा। यह कंपनी 1990 के दशक में यूबी समूह में आई थी और बीआईएफआर में कुछ अवधि के बाद यूबी समूह ने कंपनी को 90 के दशक के आखिर में फिर से सक्रिय किया था। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 327 करोड़ रुपये का राजस्व और 80 लाख रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

ऋणदाताओं ने कहा कि हालांकि माल्या द्वारा लिए गए 9,200 करोड़ रुपये के भारी बकाये की तुलना में एमसीएफ हिस्सेदारी की बिक्री की आय मामूली है, लेकिन अपने बकाया वसूली के लिए, उनकी निगाह यूबी समूह की पूरी संपत्ति पर है।

एमसीएफ के नए मालिक को भी आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरोज कुमार पोद्दार के नेतृत्व में एडवेंट्ज समूह ने अपनी प्रतिस्पर्द्धी दीपक फर्टिलाइजर्स से अधिग्रहण की लड़ाई जीतने के बाद वर्ष 2012 में मैंगलोर केमिकल्स ऐंड फर्टिलाइजर का अधिग्रहण किया था। एक साल बाद एक अन्य समूह की कंपनी - टेक्समैको रेल ऐंड इंजीनियरिंग ने इसकी प्रतिस्पर्द्धी कालिंदी रेल निर्माण (इंजीनियर्स) का अधिग्रहण किया था।

**हैप्पिएस्ट माइंड्स का लाभ 97 फीसदी बढ़ा :** हैप्पिएस्ट माइंड्स का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 97 फीसदी बढ़कर 42.17 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व 14.6 फीसदी बढ़कर 201.29 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही तक इस प्रकार का प्रदर्शन जारी रहने की उम्मीद जताई है। *बीएस*

**सार्वजनिक सूचना**

| ऋणी का नाम | वाहन क्रं. | संपत्ति का विवरण एवं मॉडल | पार्किंग यार्ड |
|---|---|---|---|
| हरिराम साहू | MP49L0827 | टाटा _ACE ZIP_GOODS | सतगुरू पार्किंग यार्ड, करेली बायपास, नरसिंहपुर म.प्र. |

सर्वसामान्य को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अंकित संपत्तियां **कोटक महिंद्रा बैंक लि.** के अधिपत्य में उनके ऋण अनुबंध में शामिल शर्तों के अनुसार **"जहां है जैसी है"** आधार पर नीलामी हेतु उपलब्ध है। संपत्तियों के निरिक्षण में इच्छुक व्यक्ति निम्नांकित के प्रकाशन के पूर्व या उस दिन शाखा के पते पर बैंक के अधिकृत अधिकारी से संपर्क कर सकते है। **20.02.2021** संपत्तियों के क्रय के इच्छुक व्यक्ति को अपना व्यक्तिगत पहचान का प्रमाण कोटेशन के साथ बैंक को प्रस्तुत करना होगा।

**नीलामी पश्चात के समस्त व्यय नीलामी क्रयकर्ता को वहन करना होंगे।**
**संपर्क व्यक्ति – एलसीएम : श्री अभिनव लाल – 7798988481**
**कोटक महिन्द्रा बैंक, नागपुर**

DYNACONS
SOLUTIONS THAT EMPOWER

**पंजीकृत कार्यालय :** ७८, रतनज्योत इंडस्ट्रियल इस्टेट, इर्ला लेन, विलेपार्ले (प.), मुंबई – ४०० ०५६.
**सीआयएन नं. :** L72200MH1995PLC093130 **वेबसाइट :** www.dynacons.com

**दि. ०३ फरवरी, २०२१ को विज्ञापित शुद्धिपत्र में सुधार**

ट्रायजेम इन्फोसोल्यूशन्स लिमिटेड (टीआयएल) के निश्चित बेनिफिशियल ओनर्स की घोषणा के संबंध में दि. ०३.०२.२०२१ को बिझनेस स्टॅन्डर्ड (अंग्रेजी एवं हिंदी) और मुंबई लक्षद्वीप (मराठी) इन अखबारों में विज्ञापित शुद्धिपत्र के संदर्भ में.
टीआयएल के निश्चित बेनिफिशियल ओनर्स में से एक के तौर पर पराग दलाल – एचयूएफ का अतिरिक्त विवरण दिया गया है :
कर्ता : श्री. पराग जे. दलाल
समान उत्तराधिकारी : देवांगी दलाल, पंक्ती दलाल, ध्वनी दलाल.
उपरी निर्देशित शुद्धिपत्र में विज्ञापित की गई अन्य जानकारी अपरिवर्तित रहेगी.

**डायनाकॉन्स सीस्टीम्स अॅन्ड सोल्यूशन्स लिमिटेड** के लिए
**हस्ता/–**
**रवी सिंग**
**कंपनी सेक्रेटरी**

**स्थान : मुंबई**
**तिथि : ११.०२.२०२१**

### कोल इंडिया का शुद्ध लाभ घटा

**सरकारी** कोयला खनन कंपनी कोल इंडिया का शुद्ध लाभ दिसंबर 2020 में समाप्त तिमाही के दौरान 21.4 फीसदी घटकर 3,084.10 करोड़ रुपये रह गया। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 32.3 फीसदी घटकर 8,113 करोड़ रुपये रह गया। तीसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व 2 फीसदी बढ़कर 23,686 करोड़ हो गया। *बीएस*

### पीरामल का शुद्ध लाभ बढ़ा

**पीरामल** एंटरप्राइजेज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 10 फीसदी बढ़कर 799 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 724 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। प्रमुख कारोबारी इकाइयों- फाइनेंस एवं फार्मा- के साथ कंपनी ने तिमाही के दौरान समेकित राजस्व में गिरावट दर्ज की।

### ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स के लाभ में वृद्धि

मुरुगप्पा समूह की कंपनी ट्यूब इन्वेस्टमेंट्स ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीआईआई) का शुद्ध लाभ 31 दिसंबर 2020 को समाप्त तिमाही में 37 फीसदी बढ़कर 107.07 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 78.27 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। *बीएस*

# कंपनियों को हवाई किराया बढ़ाने की अनुमति

पृष्ठ 1 का शेष...

**विमानन** कंपनियों के कार्याधिकारियों का कहना है कि सरकार ने किराये के दायरे को बढ़ा दिया है लेकिन कमजोर मांग के कारण उनके लिए किराया बढ़ाना काफी कठिन होगा।

इंडिगो के मुख्य कार्याधिकारी रणजय दत्ता ने कहा, 'फिलहाल किराया कम ही रहना चाहिए क्योंकि हमें पर्याप्त बुकिंग नहीं मिल रही है।' उन्होंने कहा कि 70 फीसदी यात्री क्षमता के साथ उड़ान भरने पर मुनाफा कमाना कठिन होता है।केंद्रीय नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी लगातार कहते रहे हैं कि भारतीय विमानन कंपनियां दिसंबर तक पूर्ण क्षमता के साथ सेवाएं शुरू कर देंगी। हालांकि कुछ दिनों पहले एक सामाचार माध्यम को दिए साक्षात्कार में पुरी ने कहा कि मार्च अंत तक घरेलू विमानन कंपनियों कोविड-19 से पहले की परिचालन कर पाएंगी। विमानन क्षेत्र पर नजर रखने वाले विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारी यात्रियों की कमी उनके लिए चिंता का सबब है।

बकौल विश्लेषक ऐसे लोग महंगे टिकट खरीदते हैं, जिससे विमानन कंपनियों के लिए छुट्टियां मनाने जा रहे लोगों को सस्ता टिकट देने में आसानी होती है। मोतीलाल ओसवाल के स्वर्णेंदु भूषण ने ग्राहकों को लिखे एक नोट में कहा, 'हमें लगता है कि आगे चलकर घरेलू हवाई यात्रा करने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि की दर पिछले सात महीने के मुकाबले कम होगी। खासकर घरेलू मार्गों पर कारोबार के लिए यात्रा करने वाले और विदेशी यात्रियों की संख्या उतनी तेजी से नहीं बढ़ेगी। कोविड-19 की वजह से मांग पर हुए असर के कारण ऐसा हुआ है।'

IndusInd Bank

**इंडसइंड बैंक लिमिटेड**
एफआरआर डिपार्टमेंट, 11वीं मंजिल, टॉवर 1, वन इंडियाबुल्स सेंटर, 841,
सेनापति बापट मार्ग, एल्फिंस्टन रोड, मुम्बई-400013

**सार्वजनिक सूचना**
**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के तहत**
**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम,**
**2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना की प्रतिस्थापित सेवा**

एतद्वारा निम्नलिखित कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि चूंकि उन्होंने उनके द्वारा इंडसइंड बैंक लिमिटेड (आईबीएल) से ग्रहण की गयी ऋण सुविधा के पुनर्भुगतान में चूक की है, अतः उनके खातों को आर.बी.आई. के दिशा-निर्देशों के अनुसार बैंक की पुस्तकों में 8 जुलाई, 2020 को नॉन-पर्फार्मिंग आस्तियों के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। इसके पश्चात बैंक ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफैसी अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत कथित कर्जदारों के अन्तिम ज्ञात पते पर 02.02.2021 को माँग सूचना भेजी जिसमें उनसे कथित मांग सूचनाओं में उल्लिखित के अनुसार उपर्युक्त राशि पर अनुबन्धात्मक दर से ब्याज एवं आकस्मिक व्ययों, लागत, प्रभारों आदि सहित 31 जनवरी, 2021 तक बकाया राशि रु. 28,62,118.24 (रुपये अट्ठाईस लाख बासठ हजार एक सौ अठारह एवं चौबीस पैसे मात्र) का भुगतान करने के लिए कहा गया था। किन्तु कर्जदारों ने कथित मांग सूचनाएं स्वीकार करने से इन्कार कर दिया और इसलिए यह सर्विस प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (सरफैसी नियम) के नियम 3 के अनुसार इस प्रकाशन के माध्यम से सम्पन्न की जा रही है।

1. **कर्जदारों के नाम व पते :**
**मैसर्स श्री नारायण ट्रेडर्स (कर्जदार)**
जी-14, भूतल, 38/2, श्याम अपार्टेंट, मल्हारगंज, इन्दौर, मध्य प्रदेश-452002
**अरुण तायल (जमानती/प्रोपराइटर)**
जी-14, भूतल, 38/2, श्याम अपार्टेंट, मल्हारगंज, इन्दौर, मध्य प्रदेश-452002
**हितेश कुमार तायल (जमानती/बंधककर्ता)**
जी-14, भूतल, 38/2, श्याम अपार्टेंट, मल्हारगंज, इन्दौर, मध्य प्रदेश-452002
**अन्नू तायल (जमानती/बंधककर्ता)**
जी-14, भूतल, 38/2, श्याम अपार्टेंट, मल्हारगंज, इन्दौर, मध्य प्रदेश-452002

**प्रतिभूत आस्ति का विवरण**
प्राथमिक : कर्जदार की सम्पूर्ण वर्तमान आस्तियों का दृष्टिबंधक, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ कच्चे माल का स्टॉक, प्रगतिशील कार्य, तैयार माल, रिसीवेबल्स, बुक डैट्स एवं अन्य चालू आस्तियाँ शामिल हैं।
**अनुषंगी :**
**सम्पत्ति सं. 1 :** जी-14, भूतल, श्याम अपार्टमेंट्स, प्लॉट सं. 32, गली नं. (नया नं. 32, गली नं. 2), मल्हारगंज, इंदौर (म.प्र.) पर स्थित। सुपर बिल्ट अप एरिया 150 वर्ग फीट तथा सीमाएं : पूर्व : सोनी का मकान, पश्चिम : गली, उत्तर : लिफ्ट, दक्षिण : फ्लैट सं. 13
**सम्पत्ति सं. 2. :** प्लॉट सं. 1229, ''गोमतेश सिटी'', अरिहन्त नगर एक्स. ग्राम जम्मूदी हप्सी, तहसील एवं जिला इंदौर (म.प्र.) पर स्थित। भूमि माप 1000 वर्ग फीट तथा उस पर निर्माण, वर्तमा तथा भावी। सीमाएं : पूर्व : प्लॉट सं. 1223, पश्चिम : सड़क, उत्तर : प्लॉट सं. 1230, दक्षिण : प्लॉट सं. 1228.

हम एतद्वारा इसमें उल्लिखित कर्जदार से **रु. 28,62,118.24 (रुपये अट्ठाईस लाख बासठ हजार एक सौ अठारह एवं चौबीस पैसे मात्र)** तथा उस पर ब्याज, लागत, प्रभारों, व्ययों आदि का इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहते हैं जिसमें असफल रहने पर हम पूर्ण रूप से लागत एवं परिणामों के पूर्णतः आपके जोखिम पर प्रतिभूत आस्ति पर कब्जा करने और बेचने सहित किन्तु सीमित नहीं, प्रतिभूति हित प्रवर्तित करने के लिए स्वतन्त्र होंगे।
कृपया ध्यान दें कि सरफैसी अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार आप सभी को बैंक की पूर्व अनुमति के बिना उपर्युक्त प्रतिभूत आस्तियों को बिक्री, पट्टे या अन्यथा माध्यम से हस्तान्तरित करने से प्रतिबन्धित किया जाता है। आप के द्वारा कथित धारा का कोई उल्लंघन सरफैसी अधिनियम की धारा 29 तथा/अथवा इससे सम्बन्धित किसी अन्य विधिक प्रावधान के प्रावधानों के तहत दण्डनीय होगा।
कृपया ध्यान दें कि अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अनुसार, यदि समस्त लागतों, प्रभारों एवं आईबीएल द्वारा किये गये व्ययों सहित आईबीएल के बकायों का बिक्री या अन्तरण हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय भुगतान कर दिया जाता है तो प्रतिभूत आस्ति की बिक्री आईबीएल द्वारा नहीं की जायेगी और प्रतिभूत आस्ति के अन्तरण अथवा बिक्री हेतु आईबीएल कोई भावी कदम नहीं उठायेगा।

**तिथि : 12.02.2021** **ह./- अधिकृत प्राधिकारी**
**स्थान : मुम्बई** **कृते इंडसइंड बैंक लिमिटेड**

# जनवरी में ट्रैक्टर बिक्री 48 फीसदी तक बढ़ी

टीई नरसिम्हन
चेन्नई, 11 फरवरी

**ट्रैक्टरों** की बिक्री जनवरी 2021 में तकरीबन 48 प्रतिशत बढ़कर 87,579 इकाई हो गई जिसमें 9,234 इकाइयों का निर्यात भी शामिल है, जबकि जनवरी 2020 में 59,367 इकाइयों की बिक्री हुई थी। महीना दर महीना बिक्री में भी दो महीने की गिरावट के बाद इजाफा हुआ है।

रबी के रकबे में विस्तार, जलाशय स्तर बढ़ने और किसानों के हाथों में ज्यादा नकदी होने के कारण मांग बढ़ी है। हालांकि महामारी के कारण वाहन क्षेत्र के सभी खंडों पर दबाव अनुभव हो रहा था, लेकिन इससे उबरने वाला सबसे पहला ट्रैक्टर खंड ही रहा और वाहन क्षेत्र में यह सबसे तेजी से बढ़ना जारी है।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस के अनुसार जनवरी महीने के खुदरा आंकड़ों में केवल ट्रैक्टर ही एकमात्र ऐसा खंड रहा जिसने इजाफा (11.14 प्रतिशत वृद्धि) दिखाया, जबकि अन्य खंडों की बिक्री नकारात्मक रही। ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (टीएमए) के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर 2020 में ट्रैक्टरों की बिक्री 1,23,883 इकाई रही, जिसमें 8,728 इकाइयों का निर्यात भी शामिल है। यह वर्ष 2018 के बाद से सबसे अधिक बिक्री है। हालांकि नवंबर और दिसंबर में बिक्री घटकर क्रमशः 89,530 इकाई और 71,740 इकाई रह गई।

### अशोक लीलैंड का कम हुआ घाटा

**प्रमुख** वाहन कंपनी अशोक लीलैंड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 19.38 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 27.75 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 147 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था।

तीसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व बढ़कर 4,813.51 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले की समान तिमाही में 4,015.65 करोड़ रुपये रहा था। दिसंबर तिमाही में कंपनी ने अपने शुद्ध ऋण बोझ को घटकर 2,880 करोड़ रुपये कर दिया जो दूसरी तिमाही में 3,076 करोड़ रुपये रहा था। *बीएस*

रिलायंस एसेट रीकंस्कट्रक्शन कं. लिमिटेड
रिलायंस सेंटर, 6ठा तल, नॉर्थ विंग, ऑफ वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, सांताक्रुज ईस्ट, मुम्बई-400 055

**कब्जा सूचना [नियम 8(1) देखें]**
**(अचल सम्पत्ति हेतु)**

जैसा कि रिलायंस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लि. [आरएआरसी 059(आरएचडीएफसी एचएल) ट्रस्ट] ने एसाइन एग्रीमेंट दिनांक 29.03.2019 के माध्यम से रेलिगेयर हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से वित्तीय आस्तियां अर्जित की हैं। रिलायंस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लि. [आरएआरसी 059(आरएचडीएफसी एचएल) ट्रस्ट] के अधिकृत प्राधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में (1) प्रदीप गुप्ता पुत्र लीलाधर गुप्ता, (2) इंद्रा गुप्ता पत्नी प्रदीप गुप्ता, दोनों निवासी मकान नं. 272, रुकमनी नगर, इंदौर, छोटा बंगारदा इंदौर, पालर नगर वाटर टैंक के पीछे, इंदौर, मध्य प्रदेश-452006 (''कर्जदार'') तथा (सहकर्जदार) से सूचना में उल्लिखित कुल राशि रु. 10,19,485.64/- (रुपये दस लाख उन्नीस हजार चार सौ पिचासी एवं चौंसठ पैसे मात्र) का कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से साठ (60) दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने को कहते हुए 16.09.2020 को और मांग सूचना जारी की।
और कर्जदार/जमानतियों/बंधककर्ताओं द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण, कर्जदार/जमानतियों/बंधककर्ताओं को और जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित अधिनियम के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग 9 फरवरी, 2021 को सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार/जमानतियों/बंधककर्ताओं को और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्तियों से किसी प्रकार का संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ संव्यवहार रु. 10,19,485.64/- (रुपये दस लाख उन्नीस हजार चार सौ पिचासी एवं चौंसठ पैसे मात्र) तथा 07.02.2018 से उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभारों के लिए रिलायंस एसेट रीकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड के चार्ज के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है कि यदि कर्जदार अन्तरण या बिक्री की निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय समस्त लागतों, प्रभारों तथा किये गये व्ययों सहित ''आरएआरसी'' के बकायों का भुगतान कर देता है तो ''आरएआरसी'' द्वारा प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री या अन्तरण नहीं किया जायेगा और ''आरएआरसी'' द्वारा बिक्री या अन्तरण हेतु कोई भावी कदम नहीं उठाया जायेगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**
मकान नं. 272, रुकमनी नगर इन्दौर, छोटा बंगारदा, पालर नगर वाटर टैंक के पीछे, इंदौर, मध्य प्रदेश-452006 (माप लगभग 800 वर्ग फीट) का सम्पूर्ण भाग। सीमाएं : पूर्व : कॉलोनी की रोड, पश्चिम : प्लॉट सं. 285, उत्तर : प्लॉट सं. 272, दक्षिण : खुली भूमि।
**तिथि : 0.0.2021** **ह./-**
**स्थान : इंदौर** **अधिकृत प्राधिकारी**

**PARVATI SWEETNERS AND POWER LIMITED**
**CIN : L15421MP2011PLC027287**
**GSTIN: 23AAGCP3350D1ZW**
**Reg. Off.:** Hall No. 2. Shopping Complex, Gomantika Parisar, Jawahar Chowk, Bhopal- 462003 (MP)
**Website:** www.parvatisweetners.co.in, **Email:** info@parvatisweetners.com, **Tel.:** 0755-4009254

**Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter/Nine Months ended on 31st December, 2020**

(₹ in Lakhs) (Except EPS)

| | PARTICULARS | Quarter ending 31st December, 2020 | Year to date Figures for current period ended 31st December, 2020 | Corresponding 3 months ended 31st December, 2019 |
|---|---|---|---|---|
| | | Un-audited | Un-audited | Un-audited |
| 1. | Total income from operations (net) | 1068.07 | 3501.18 | 821.68 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | 84.93 | (162.21) | 18.18 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 84.93 | (162.21) | 18.18 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 87.10 | (153.96) | 14.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period | 87.10 | (153.96) | 14.19 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 5 each) | 3542.70 | 3542.70 | 3542.70 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance sheet of previous year) | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | |
| | 1. Basic: | 0.12 | (0.22) | 0.02 |
| | 2. Diluted: | 0.12 | (0.22) | 0.02 |

**Note:** The above is an extract of the detailed Format of Quarterly/Nine monthly Financial Results for the quarter/nine months ended 31st December, 2020 filed with Stock Exchange under Reg. 33 of SEBI (LODR) Regulations 2015. The Full Format of Quarterly Financial Results are available on the BSE website (www.bseindia.com) and on the Company's website (www.parvatisweetners.co.in).

**On and behalf of Board**
**Sd/-**
**POONAM CHOUKSEY**
**(Managing Director)**
**DIN: 02110270**

**Place: Bhopal**
**Date: 10.02.2021**

# भारतपे यूनिकॉर्न बनने की राह पर

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 11 फरवरी

**फिनटेक** कंपनी भारतपे ने इक्विटी के सीरीज डी दौर में 10.8 करोड़ डॉलर जुटाए हैं और इसका मूल्यांकन 90 करोड़ डॉलर हो गया है। व्यापारियों के लिए वित्तीय सेवा प्रदान करने वाली इस कंपनी प्राथमिक वित्तपोषण में नौ करोड़ डॉलर जुटाए हैं और अपने एंजेल निवेशकों तथा कर्मचारियों के लिए कुल 1.8 करोड़ डॉलर को दूसरा मार्ग भी सुनिश्चित कर लिया है। इस दौर का नेतृत्व कंपनी के मौजूदा निवेशक कोट्यू मैनेजमेंट द्वारा किया गया था। मौजूदा सभी सात संस्थागत निवेशकों ने इस दौर में भाग लिया था। इनमें शामिल हैं - रिबिट कैपिटल, इनसाइट पार्टनर्स, स्टिडव्यू कैपिटल, बीनेक्स्ट, एम्प्लो और सेक्विया कैपिटल। इस दौर के साथ कंपनी इक्विटी और डेट में कुल 26.8 करोड़ डॉलर जुटा चुकी है।

भारतपे के सह-संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी एं ग्रोवर ने कहा कि भारतपे में हम वित्तपोषण का जश्न नहीं मनाते हैं, यह कच्चे माल की खरीद के समान है। उन्होंने कहा कि हालांकि हम एंजेल और सभी ईएसओपी (कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना) धारकों को 125 करोड़ रुपये की पूंजी लौटने से अति उत्साहित हैं। टीम सभी हितधारकों - निवेशकों, देनदारों, लेनदारों, कर्मचारियों और बैंकों के लिए पैसा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पाइन लैब्स, पेटीएम और एमस्वाइप जैसी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली दिल्ली स्थित यह कंपनी किराना समेत ऑफलाइन व्यवसायों के लिए भुगतान प्रौद्योगिकी और डिजिटल ऋण उपलब्ध कराती है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड
भोपाल संस्करण

**बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटिड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा नई दुनिया न्यूज़ ऐंड नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड, 23/4-23/5, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर-डी, सीपेट हॉस्टल के पास, भोपाल, म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं C/o. अशोक कुमार जैन, शॉप नंबर 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल -462001 से प्रकाशित**
**संपादकः कैलाश नौटियाल**

आरएनआई न० WBHIN/2008/24333
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं1
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स- 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए कृपया संपर्क करें..
सुश्री मानसी सिंह
हेड कस्टमर रिलेशन्स
बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ई मेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57007 पर एसएमएस करें SUB BS

डिसक्लेमर.. बिज़नेस स्टैंडर्ड में प्रकाशित समाचार रिपोर्ट और फीचर लेखों के माध्यम से बाजारों, कॉर्पोरेट जगत और सरकार से जुड़ी घटनाओं की निष्पक्ष तस्वीर पेश करने का प्रयास किया जाता है1 बिज़नेस स्टैंडर्ड के नियंत्रण एवं जानकारी से परे परिस्थितियों के कारण वास्तविक घटनाक्रम भिन्न हो सकते हैं। समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर पाठकों द्वारा किए जाने वाले निवेश और लिए जाने वाले कारोबारी निर्णयों के लिए बिज़नेस स्टैंडर्ड कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। पाठकों से स्वयं निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। बिज़नेस स्टैंडर्ड के सभी विज्ञापन सद्भाव में स्वीकार किए जाते हैं। इनके साथ बिज़नेस स्टैंडर्ड न तो जुड़ा हुआ है और न ही उनका समर्थन करता है। विज्ञापनों से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा संबंधित विज्ञापनदाता से ही किया जाना चाहिए। मै0 बिज़नेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 का सर्वाधिकार सुरक्षित है। बिजनेस स्टैंडर्ड प्रा0 लि0 से लिखित अनुमति लिए बगैर समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी सामग्री का किसी भी तरह प्रकाशन या प्रसारण निषिद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वैधानिक निकाय द्वारा इस तरह का निषिद्ध एवं अनधिकृत कार्य करने पर दीवानी और फौजदारी कार्यवाही शुरु की जाएगी।

कोई हवाई अधिभार नहीं